☎ STD 05278 V.C. 246223, 246330 (O)
05278 V.C. 246224, 245209 (R)
Fax V.C. 246330(O), 245209(R)
Registrar- 245957(O), 246042(R)
F.O.- 246386(O)

# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)

## DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADHUNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)

# अमर उजाला माईसिटी, अयोध्या

दिनांकः 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 01 व 03

## पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार 19 से

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पीएचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) के साक्षात्कार के तहत 19 जनवरी को फिजिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, 21 व 22 जनवरी को संस्कृत, 23 जनवरी को वनस्पति विज्ञान एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, 28 व 29 जनवरी को राजनीति शास्त्र, 03 व 14 फरवरी को समाज शास्त्र एवं वाणिज्य 05 व 06 फरवरी तक प्राचीन इतिहास विषय के साक्षात्कार निर्धारित स्थलों पर नियत समय पर आयोजित किए जाएंगे। सीईटी-2020 के समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार के लिए समयसारिणी वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते है। बताया कि जिन विषयों के साक्षात्कार विवरण समय सारिणी वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं हैं उनकी साक्षात्कार तिथि नियत होते ही सूचना वेबसाइट, ई-मेल एवं एसएमएस से भेजी जाएगी। संवाद

## जेआरएफ व एसआरएफ में पाई सफलता

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के बायो केमिस्ट्री विभाग के छात्र सार्थक श्रीवास्तव और सौरभ कौशल ने आईसीएमआर से आयोजित जेआरएफकी परीक्षा को उत्तीर्ण की है। वहीं विभाग की छात्रा संध्या पाठक ने भी आईसीएआर और एसआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने इसका श्रेय विभाग के शिक्षकों और अभिभावकों को दिया है। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलम पाठक, प्रो. फारूख जमाल, डॉ. वंदना रंजन सहित अन्य शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

हिन्दुस्तान समाचार, अयोध्या

दिनांक: 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 04

# पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार आज से

अयोध्या | प्रमुख संवाददाता

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी-एचडी सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) के साक्षात्कार के तहत 19 जनवरी को फिजिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, 21 जनवरी से 22 जनवरी तक संस्कृत, 23 जनवरी को वनस्पति विज्ञान एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, 28 जनवरी से 29 जनवरी तक राजनीति शास्त्र, तीन फरवरी से चार फरवरी तक समाजशास्त्र एवं वाणिज्य, पांच फरवरी से छह फरवरी तक प्राचीन इतिहास विषय के साक्षात्कार निर्धारित स्थलों पर नियत समय पर आयोजित किए जाएंगे।

साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को प्रातः 10 बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। सीईटी-2020 के समन्वयक प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार के लिए समय सारिणी वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रो. वर्मा ने बताया कि जिन विषयों के साक्षात्कार विवरण समय सारिणी वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं हैं उनकी साक्षात्कार तिथि नियत होते ही सूचना वेबसाइट, ईमेल एवं एसएमएस से प्रेषित की जाएगी। प्रो. वर्मा ने बताया कि पीएचडी में प्रवेश के लिए पांच जनवरी से साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक सूक्ष्म जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, उर्दू, जैव रसायन, दर्शन शास्त्र, व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता, भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, गणित एवं सांख्यिकी, रसायन विज्ञान, सैन्य विज्ञान, अर्थशास्त्र, जंतु विज्ञान तथा गणित विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा चुका है। कुल 27 विषयों के पी-एचडी पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा आठ नवम्बर को आयोजित की गयी थी जिसका परिणाम चार दिसम्बर को जारी किया गया था। समन्वयक प्रो. वर्मा ने बताया कि कुलपति के मार्गदर्शन में प्रवेश समिति के सदस्य डॉ. नरेश चौधरी, डॉ. गीतिका श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव योगदान दे रहे हैं।

**अवध विश्वविद्यालय**

- अभ्यर्थियों को वेबसाइट, ई-मेल व एसएमएस से सूचित किया
- अभ्यर्थियों को निर्धारित स्थल पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी

# महिलाओं की भावनात्मक सोच उनका आभूषण

अयोध्या | प्रमुख संवाददाता

अवध विश्वविद्यालय के वीमेन ग्रीवेंस एवं वेलफेयर सेल की ओर से मिशन शक्ति अभियान के तहत सोमवार को संतुलित जीवन सफलता की कुंजी विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार को संबोधित करती हुई मुख्य वक्ता फाउंडर द चेंज मेकर्स, दिल्ली आम्बरीन जैदी ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को अपने ऊपर विश्वास करना होगा, तभी वे सामाजिक, आर्थिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनेगी। श्रीमती जैदी ने बताया कि संवेदनशील दुनिया में संवेदनशील लोगों की आवश्यकता है। महिलाएं एवं बालिकाएं तभी सशक्त बन पायेगी जब वे अपने अन्तर्मन की बात सुनेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं कभी अपने को कमजोर न समझें। इसके लिए अपने आपको हर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना होगा। महिलाओं की भावनात्मक सोच उनका आभूषण होता है। यही भावनात्मक सोच जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं सेल की समन्वयक प्रो. तुहिना वर्मा ने बताया कि महिलाओं को अपने सुरक्षा एवं आत्मसम्मान से परिचित कराने के लिए श्रृंखलाबद्ध वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से अभिभावकों एवं छात्राओं को जागरूक किया जा चुका है एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की सह समन्वयक डॉ. सिंधु सिंह ने अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि मिशन शक्ति अभियान के श्रृंखला वेबिनार में विशेषज्ञों की ओर से बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेल की सदस्य डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव उमानाथ, डॉ. महिमा चौरसिया, मनीषा यादव, डॉ. सरिता द्विवेदी, निधि अस्थाना, नीलम मिश्रा, वल्लभी तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े रहे।

**वेबिनार**

- संतुलित जीवन सफलता की कुंजी विषय पर हुआ वेबिनार
- श्रृंखलाबद्ध वेबिनार आयोजित किया जा रहा : प्रो. तुहिना

स्वतंत्र चेतना, अयोध्या

दिनांक: 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्या: 03

# प्रवेश साक्षात्कार आज से

**अयोध्या।** अवध विश्व विद्यालय के पी-एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) के साक्षात्कार के तहत 19 जनवरी को फिजिक्स एंड इलेक्ट्रनिक्स, 21 जनवरी से 22 जनवरी तक संस्त, 23 जनवरी को वनस्पति विज्ञान एवं इलेक्ट्रनिक्स, 28 जनवरी से 29 जनवरी तक राजनीति शास्त्र, 03 फरवरी से 04 फरवरी तक समाजशास्त्र एवं वाणिज्य 05 फरवरी से 06 फरवरी तक प्राचीन इतिहास विषय के साक्षात्कार निर्धारित स्थलों पर नियत समय पर आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को प्रातः 10:00 बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इन विषयों में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की सघन जांच के उपरांत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परिषद के समक्ष उपस्थित होना होगा। उपरोक्तविषयों के साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल तथा एस0एम0एस0 अलर्ट प्रेषित किया जा चुका है।

तरूण प्रवाह, लखनऊ


दिनांकः 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 03

# मिशन शक्ति अभियान के तेहत विश्वविद्यालय में हुआ वेबिनार

## महिलाओं की भावनात्मक सोच उनका आभूषणः आम्बरीन जैदी

रिपोर्ट सर्वेश श्रीवास्तव

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के वीमेन ग्रीवेंस एवं वेलफेयर सेल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत आज 18 जनवरी, 2021 को संतुलित जीवन सफलता की कुंजी विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार को संबोधित करती हुई मुख्य वक्ता आम्बरीन जैदी, फाउंडर द चेंज मेकर्स, दिल्ली ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को अपने ऊपर विश्वास करना होगा। तभी वे सामाजिक, आर्थिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनेगी। श्रीमती जैदी ने बताया कि सवेंदनशील दुनियां में संवेदनशील लोगों की आवश्यकता है। महिलाएं एवं बालिकाए तभी सशक्त बन पायेगी जब वे अपने अन्तर्मन की बात सुनेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं कभी अपने को कमजोर न समझे। इसके लिए अपने आपको हर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना होगा। महिलाओं की भावनात्मक सोच उनका आभूषण होता है। यही भावनात्मक सोच जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित करती है।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सेल की समन्वयक प्रो0 तुहिना वर्मा ने बताया कि महिलाओं को अपने सुरक्षा एवं आत्मसम्मान से परिचित कराने के लिए श्रंखलाबद्ध वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से अभिभावकों एवं छात्राओं को जागरूक किया जा चुका है एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की सहसमन्वयक डॉ0 सिंधु सिंह ने अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि मिशन शक्ति अभियान के श्रंखला वेबिनार में विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेल की सदस्य डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव उमानाथ, डॉ0 महिमा चौरसिया इंजीनियर मनीषा यादव, डॉ0 सरिता द्विवेदी, इंजीनियर निधि अस्थाना, नीलम मिश्रा, वल्लभी तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी ऑनलाइन जुड़े रहे।

तरूण प्रवाह, लखनऊ

दिनांकः 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 03

# १९ जनवरी से अन्य विषयों की पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार शुरू

## अभ्यर्थियों को वेबसाइट, ई-मेल एवं एसएमएस से सूचित किया गया

रिपोर्ट सर्वेश श्रीवास्तव

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पी-एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईटी-2020) के साक्षात्कार के तहत 19 जनवरी को फिजिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, 21 जनवरी से 22 जनवरी तक संस्कृत, 23 जनवरी को वनस्पति विज्ञान एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, 28 जनवरी से 29 जनवरी तक राजनीति शास्त्र, 03 फरवरी से 04 फरवरी तक समाजशास्त्र एवं वाणिज्य 05 फरवरी से 06 फरवरी तक प्राचीन इतिहास विषय के साक्षात्कार निर्धारित स्थलों पर नियत समय पर आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को प्रातः 10:00 बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। इन विषयों में साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की सघन जांच के उपरांत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परिषद के समक्ष उपस्थित होना होगा। उपरोक्त विषयों के साक्षात्कार के लिए अर्ह अभ्यर्थियों को ईमेल तथा एस0एम0एस0 अलर्ट प्रेषित किया जा चुका है।

सीईटी-2020 के समन्वयक प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पीएचडी प्रवेश साक्षात्कार के लिए समय सारिणी वेबसाइट http%// phdadmission&rmlauentrance-



पद पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते है। प्रो0 वर्मा ने बताया कि जिन विषयों के साक्षात्कार विवरण समय सारिणी वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं हैं उनकी साक्षात्कार तिथि नियत होते ही सूचना वेबसाइट, ईमेल एवं एसएमएस से प्रेषित की जाएगी। प्रो0 वर्मा ने बताया कि पीएचडी में प्रवेश के लिए 05 जनवरी 2021 से साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। अब तक सूक्ष्म जीव विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, उर्दू, जैव रसायन, दर्शनशास्त्र, व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता, भौतिक विज्ञान, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, गणित एवं सांख्यिकी, रसायन विज्ञान, सैन्य विज्ञान, अर्थशास्त्र, जंतु विज्ञान तथा गणित विषय के लिए शोधार्थियों के चयन के लिए साक्षात्कार का आयोजन किया जा चुका है। कुल 27 विषयों के पी-एच0डी0 पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा 08 नवम्बर, 2020 को आयोजित की गयी थी जिसका परिणाम 04 दिसम्बर 2020 को जारी किया गया था ।


समन्वयक प्रो0 वर्मा ने बताया कि कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह के दिशानिर्देश पर कोविड-19 के अनुपालन में पी-एच0डी0 सामान्य प्रवेश परीक्षा के साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। साक्षात्कार की शुचिता और विश्वसनीयता स्थापित करने के लिए कुलपति जी के मार्गदर्शन पर प्रवेश समिति के सदस्य डॉ0 नरेश चौधरी, डॉ0 गीतिका श्रीवास्तव, डॉ0 नीलम यादव, डॉ0 अभिषेक सिंह, डॉ0 राजेश सिंह कुशवाहा, डॉ0 आशुतोष सिंह, प्रोग्रामर रवि मालवीय, मनोज श्रीवास, अनुराग श्रीवास्तव, ओमप्रकाश चौरसिया सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

# राम मंदिर निर्माण से होगा जीवन का उद्धार:रमेश प्रताप श्रीवास्तव

रिपोर्ट सर्वेश श्रीवास्तव

अयोध्या में बहुप्रतीक्षित राम मंदिर निर्माण के भूमि पूजन समारोह के अवसर पर देश जिस

उत्थान का प्रेरणास्थल बन सके । इस अवसर पर रमेश प्रताप



इस संघर्ष और बलिदान का लक्ष्य अयोध्या में केवल राम के नाम का मंदिर बनाना नहीं , बल्कि रामराज्य के उन मूल्यों

को लेकर समर्पण भाव दिखाना चाहिए जो रामराज्य के आधार हैं । यह समर्पण ठीक वैसा ही होना चाहिए जैसा उनके जन्म

अवधनामा, लखनऊ


दिनांकः 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 07

# महिलाओं की भावनात्मक सोच उनका आभूषणः आम्बरीन जैदी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के वीमेन ग्रीवेंस एवं वेलफेयर सेल द्वारा मिशन शक्ति अभियान के तहत आज 18 जनवरी, 2021 को संतुलित जीवन सफलता की कुंजी विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया।

वेबिनार को संबोधित करती हुई मुख्य वक्ता आम्बरीन जैदी, फाउंडर द चेंज मेकर्स, दिल्ली ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को अपने ऊपर विश्वास करना होगा। तभी वे सामाजिक, आर्थिक एवं भावनात्मक रूप से सशक्त बनेगी। जैदी ने बताया कि सर्वेदनशील दुनियां में संवेदनशील लोगों की आवश्यकता है। महिलाएं एवं बालिकाए तभी सशक्त बन पायेगी जब वे अपने अन्तर्मन की बात सुनेगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं कभी अपने को कमजोर न समझे। इसके लिए अपने आपको हर परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार करना होगा। महिलाओं की भावनात्मक सोच उनका आभूषण होता है। वही भावनात्मक सोच जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सेल की समन्वयक प्रो0 तुहिना वर्मा ने बताया कि महिलाओं को अपने सुरक्षा एवं आत्मसम्मान से परिचित कराने के लिए श्रंखलाबद्ध वेबिनार आयोजित किया जा रहा है। इसके माध्यम से अभिभावकों एवं छात्राओं को



जागरूक किया जा चुका है एवं सुरक्षा की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की सहसमन्वयक डॉ0 सिंधु सिंह ने अतिथि का स्वागत करते हुए बताया कि मिशन शक्ति अभियान के श्रंखला वेबिनार में विशेषज्ञों द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं को उनके आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेल की सदस्य डॉ0 प्रतिभा त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव उमानाथ, डॉ0 महिमा चौरसिया इंजीनियर मनीषा यादव, डॉ0 सरिता द्विवेदी, इंजीनियर निधि अस्थाना, नीलम मिश्रा, वल्लभी तिवारी सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी आंनलाइन जुड़े रहे।

दैनिक जागरण, अयोध्या

दिनांकः 19 जनवरी, 2021 पृष्ठ संख्याः 04

# पीएचडी प्रवेश के लिए साक्षात्कार आज से

**जासं, अयोध्या :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश के लिए साक्षात्कार आरंभ हो गया है।



मंगलवार को फिजिक्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, 21-22 जनवरी को संस्कृत, 23 को वनस्पति विज्ञान एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, 28 व 29 जनवरी को राजनीति शास्त्र, तीन-चार फरवरी को समाज शास्त्र एवं वाणिज्य पांच व छह फरवरी को प्राचीन इतिहास में पीएचडी के लिए साक्षात्कार होगा। अभ्यर्थियों को सुबह दस बजे निर्धारित स्थल पर उपस्थिति दर्ज करानी होगी। प्रमाणपत्रों की जांच के उपरांत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को इसके लिए ईमेल व एसएमएस से जानकारी भेज दी गई है। प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।